**भारत सरकार**

**विदेश मंत्रालय**

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या –3002**

**दिनांक 13.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**इजराइल में भारतीय कामगारों की सुरक्षा**

**3002. श्री अरुण गोविलः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत कुछ महीनों में लगभग एक लाख निर्माण कामगारों को भारत से इजराइल भेजा गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भारत में रह रहे उक्त कामगारों के परिवार इन कामगारों के कल्याण के बारे में चिंतित हैं क्योंकि इजराइल में एक वर्ष से अधिक समय से युद्ध चल रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) भारत से इजराइल गए उक्त कामगारों की सुरक्षा की स्थिति क्या है; और

(घ) सरकार युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत कामगारों का कल्याण किस प्रकार सुनिश्चित कर रही है?

**उत्तर**

**विदेश राज्य मंत्री**

**(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)**

(क) अक्टूबर 2024 तक, इज़राइल में लगभग 32,000 भारतीय कामगार थे, जिनमें से लगभग 12,000 भारतीय अक्टूबर 2023 के बाद अन्तर सरकारी (जी2 जी) मार्ग और निजी कंपनियों दोनों के माध्यम से इज़राइल पहुंचे।

(ख) से (घ) सरकार विदेश में भारतीय नागरिकों, जिनमें भारतीय कामगार भी शामिल हैं, की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इजराइल के साथ हस्ताक्षरित फ्रेमवर्क करार और कार्यान्वयन प्रोटोकॉल के अनुसार भारतीय कामगारों के साथ श्रम अधिकारों के संबंध में इजराइली नागरिकों के समान ही व्यवहार किया जाएगा और उन्हें उपयुक्त आवास, चिकित्सा बीमा तथा प्रासंगिक सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रदान किया जाएगा। इजराइल में हमारा दूतावास इजराइल में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण के लिए इजराइली प्राधिकारियों के साथ समन्वय करता है। कुछ कामगारों ने अपनी शिकायतें रखी थीं, जिन्हें इजराइल में संबंधित प्राधिकारियों के समक्ष उठाया गया था, उन्होंने मामले का समाधान कर दिया है।

*****